# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा/माध्य/मा–स/22444/विविध/वो–2(26–II)/2018–23 दिनांक :

**समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं**
**पदेन जिला परियोजना समन्वयक,**
**समग्र शिक्षा/नोडल अधिकारी**
**(वीर गाथा–3.0 कार्यक्रम)**

**विषय :–** **Veer Gatha Project 3.0** Regarding.

**प्रसंग :–** संयुक्त शासन सचिव, शिक्षा (ग्रुप–5) विभाग, जयपुर का पत्रांक : प. 24(22)शिक्षा–6/2022 पार्ट जयपुर, दिनांक : 29.08.2023

**सन्दर्भ :–** इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक : 12.08.2023 एवं 24.08.2023

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्रों द्वारा **Veer Gatha Project 3.0** के प्रभावी संचालन एवं प्रबोधन बाबत आपको शिक्षा विभाग की ओर से जिला स्तरीय नोड्ल अधिकारी नियुक्त करते हुए कार्यक्रम के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा–निर्देश जारी कर अवगत करवाया गया था कि प्रोजेक्ट वीर गाथा को वीरता पुरस्कार पोर्टल (Gallantry Awards Portal) के तहत वर्ष 2021 से प्रारम्भ किया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच शौर्य पुरस्कार प्राप्त वीरों की वीरता एवं बहादुरी के कार्यों का विवरण प्रसारित करना और उनकी जीवनियों का प्रसार करना है ताकि उनमें देशभक्ति की भावना जागृत हो और उनमें नागरिक चेतना के मूल्यों को स्थापित किया जा सके।

शासन के प्रासंगिक पत्र द्वारा अवगत करवाया गया है कि **Veer Gatha Project 3.0** की गतिविधियों के संचालन हेतु समय–सीमा दिनांक : 28.07.2023 से 15.09.2023 तक निर्धारित की है। अतः प्रासंगिक एवं सन्दर्भित पत्र मय संलग्नकों के प्रेषित कर लेख है कि आप अपने क्षेत्राधिकार के समस्त विद्यालयों में उक्त बाबत व्यापक प्रचार–प्रसार करवाते हुए अधिकाधिक विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करावें।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।

**संलग्न : यथोक्त।**

**(जितेन्द्र सिंह)**
सहायक निदेशक (गुणवत्ता एवं नवाचार)
एवं राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

**प्रतिलिपि** : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, जयपुर।
2. निजी सचिव, शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–5) विभाग, जयपुर।
3. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा को समुचित पर्यवेक्षण एवं प्रभावी प्रबोधन हेतु।
4. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करवाने बाबत।
5. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक/प्रारम्भिक को पालनार्थ।
6. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पदेन ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा।
7. रक्षित पत्रावली।

सहायक निदेशक (गुणवत्ता एवं नवाचार)
एवं राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

Signature valid

Digitally signed by Jitendra Singh
Designation : Assistant Director
Date: 2023.09.11 10:59:57 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4688717

# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा/माध्य/मा–स/22444/विविध/वो–2(26–II)/2018–23/ दिनांक :12.08.2023

**समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं**
**पदेन जिला परियोजना समन्वयक,**
**समग्र शिक्षा।**

**विषय :–** **प्रोजेक्ट वीर गाथा 3.0** का जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नामित करने के संबंध में।

**प्रसंग :–** अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर का पत्र क्रमांक : रा.स्कू.शि.प./जय/गुणवत्ता/2023–24/3638 दिनांक : 31.07.2023

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के क्रम में **प्रोजेक्ट वीर गाथा 3.0** कार्यक्रम के जिला स्तरीय प्रभावी प्रबोधन एवं सफल संचालन हेतु संबंधित मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अधिकारी को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नामित किया जाता है।

उक्त नोडल अधिकारी प्रासंगिक पत्र में उल्लेखित निर्देशों की अक्षरशः पालना करवाते हुए कार्यक्रम के सफल संचालन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

**संलग्न :–यथोक्त।**

**(डॉ. अरूण कुमार शर्मा)**
स्टाफ ऑफिसर
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

**प्रतिलिपि** : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त एवं राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
3. शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–2) विभाग, जयपुर।
4. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा को उक्त कार्यक्रम के प्रभावी प्रबोधन हेतु।
5. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक/प्रारंभिक शिक्षा को पालनार्थ।
6. रक्षित पत्रावली।

स्टाफ ऑफिसर
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा/माध्य/मा–स/22444/विविध/वो–2(26–II)/2018–22/ दिनांक :

**समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं**
**पदेन जिला परियोजना समन्वयक,**
**समग्र शिक्षा/नोडल अधिकारी**
**(वीर गाथा–3.0 कार्यक्रम)**

**विषय :–** **Veer Gatha Project 3.0** के सम्बन्ध में।

**प्रसंग :–** शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–5) विभाग, जयपुर का पत्रांक : प. 24(22)शिक्षा–6/2022 जयपुर, दिनांक : 16.08.2023

**सन्दर्भ :–** इस कार्यालय के 02 समसंख्यक पत्र दिनांक : 12.08.2023

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्रों द्वारा **Veer Gatha Project 3.0** के सम्बन्ध में उक्त कार्यक्रम के प्रभावी संचालन एवं प्रबोधन बाबत विभागीय राज्य एवं जिला स्तरीय नोड्ल अधिकारी नियुक्त करते हुए कार्यक्रम के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश जारी किये गये थे।

प्रासंगिक पत्रानुसार अवगत करवाया गया है कि प्रोजेक्ट वीर गाथा को वीरता पुरस्कार पोर्टल (Gallantry Awards Portal) के तहत वर्ष 2021 से प्रारम्भ किया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच शौर्य पुरस्कार प्राप्त वीरों की वीरता एवं बहादुरी के कार्यों का विवरण प्रसारित करना और उनकी जीवनियों का प्रसार करना है ताकि उनमें देशभक्ति की भावना जागृत हो और उनमें नागरिक चेतना के मूल्यों को स्थापित किया जा सके।

उक्त क्रम में लेख है कि **Veer Gatha Project 3.0** के अन्तर्गत शौर्य पुरस्कार प्राप्त वीरों की जीवनी पर आधारित चित्रकला, कविता, निबंध जैसी गतिविधियों का आयोजन विद्यालयों के मध्य किया जाकर इनमें से सर्वश्रेष्ठ गतिविधियों को राष्ट्रीय स्तर पर रक्षा मंत्रालय एवं शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सम्मानित किया जाना है।

प्रोजेक्ट वीर गाथा 3.0 के अन्तर्गत कक्षा स्तरानुसार निर्धारित की गयी गतिविधियाँ निम्नानुसार है :–

| क्र.सं. | श्रेणियाँ | गतिविधियाँ | सुझावात्मक विषय |
|---|---|---|---|
| 1. | कक्षा 3 से 5 तक | कविता/पैराग्राफ (शब्द 150)/पेंटिंग/चित्रकला | मेरा आदर्श (वीरता पुरस्कार विजेता)...................... जो जीवन मूल्य उनकी जीवनी से मैंने सीखा है।<br>**या**<br>....................................(वीरता पुरस्कार विजेता) ने हमारे देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया/यदि उनकी स्मृतियों को जीवित रखने का मौका मिले तो मै चाहूँगा। |
| 2. | कक्षा 6 से 8 तक | कविता/पैराग्राफ (शब्द 300)/पेंटिंग/चित्रकला/मल्टी–मीडिया प्रस्तुति। | |
| 3. | कक्षा 9 से 10 तक | कविता/निबंध (शब्द 750)/पेंटिंग/चित्रकला/मल्टी–मीडिया प्रस्तुति। | |
| 4. | कक्षा 11 से 12 तक | कविता/निबंध (शब्द 1000)/पेंटिंग/चित्रकला/मलटी–मीडिया प्रस्तुति। | |

Signature valid
Digitally signed by Jitendra Singh
Designation : Assistant Director
Date: 2023.08.24 08:37:19 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4572834

| क्र.सं. | श्रेणियां | गतिविधियां | सुझावात्मक विषय |
|---|---|---|---|
| | | | रानी लक्ष्मीबाई मेरे सपने में आई और वह चाहती थीं कि मैं अपने देश की सेवा करूँ।<br>**या**<br>1857 के विद्रोह को भारतीय स्वतंत्रता के प्रथम युद्ध के रूप में चिह्नित किया गया है। (स्वतंत्रता ......................सेनानी का नाम) की जीवन कहानी मुझे प्रेरित करती है।<br>**या**<br>स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय विद्रोह की भूमिका। |

प्रासंगिक पत्रानुसार तय समय सीमा के आधार पर दिनांक : 28 जुलाई, 2023 से 15 सितम्बर, 2023 तक स्कूल स्तर पर गतिविधियों का संचालन किये जाने के बाद स्कूल प्रति श्रेणी 01 सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टि यानी कुल 04 प्रविष्टियों को MyGov पोर्टल पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित करेगी :–

- श्रेणी–01 (कक्षा– 3 से 5) – 01 सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टि
- श्रेणी–02 (कक्षा– 6 से 8) – 01 सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टि
- श्रेणी–03 (कक्षा– 9 से 10) – 01 सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टि
- श्रेणी–04 (कक्षा– 11 से 12) – 01 सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टि

स्कूलों द्वारा प्रेषित प्रविष्टियों का जिला स्तरीय नोडल अधिकारी द्वारा मूल्यांकन किया जायेगा। जिला स्तरीय नोडल अधिकारी द्वारा प्रेषित प्रविष्टियों को राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी द्वारा मूल्यांकन उपरांत MyGov पोर्टल के माध्यम से राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश स्तरीय नोडल अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

उक्त प्रविष्टियों को प्राप्त करने के उपरांत राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश स्तरीय नोडल अधिकारी उक्त प्रविष्टियों में से सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों का चयन कर भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय को MyGov पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध करवायेंगे।

राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन (गठित की गयी/जाने वाली समिति द्वारा) प्राप्त सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों की वास्तविकता एवं मौलिकता की पुष्टि की जायेगी।

उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक स्तर पर विजेता घोषित किये जायेंगे। विजेताओं की संख्या निम्नानुसार निर्धारित की गयी है :–

- **राष्ट्रीय स्तरीय विजेता :–** राष्ट्रीय स्तर के 100 विजेता (सुपर 100) जिन्हें इस सम्बन्ध में पूर्व में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित नहीं किया गया है, को उनसे प्राप्त सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों के लिये उल्लेखित 04 श्रेणीवार 25–25 विजेताओं का चयन किया जाना है।
- **राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश स्तर :–** उक्त स्तर पर 08 (प्रत्येक श्रेणी से 02) विजेताओं का चयन किया जायेगा, जो किसी भी बोर्ड से हो सकते है तथा सुपर 100 में शामिल ना हो।
- **जिला स्तर :–** उक्त स्तर पर 04 (प्रत्येक श्रेणी से 01) विजेताओं का चयन किया जायेगा, जो सुपर 100 अथवा राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश स्तर पर शामिल ना हो।

Signature valid
Digitally signed by Jitendra Singh
Designation : Assistant Director
Date: 2023.08.24 09:37:19 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4572834

Rajasthan Education Department

➢ **विजेताओं का अभिनन्दन :–** राष्ट्रीय स्तर पर विजेता को शिक्षा मंत्रालय एवं रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संयुक्त रूप से सम्मानित किया जायेगा। राष्ट्रीय स्तर पर प्रत्येक विजेता को 10 हजार रूपये नगद पुरस्कार राशि के रूप में प्रदान किये जायेंगे। राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश एवं जिला स्तर के सभी विजेताओं को सम्बन्धित राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश और जिले द्वारा सम्मानित किया जायेगा। उक्त सम्बन्ध में सम्बन्धित प्राधिकारियों द्वारा बजट प्रावधान तय किया जायेगा।

अतः प्रासंगिक पत्र मय संलग्नकों के प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि आप अपने क्षेत्राधिकार की समस्त विद्यालयों में **प्रोजेक्ट वीर गाथा 3.0** कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार करते हुए सम्बन्धित वेबसाईट https://innovateindia.mygov.in/veer-gatha-3 (MyGov पोर्टल) पर विद्यार्थियों का अधिकाधिक नामांकन करवाते हुए जिला स्तरीय नोडल अधिकारी के रूप में वांछित सूचनाओं को पोर्टल पर इंद्राज किया जाना सुनिश्चित करावें।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।

**संलग्न : यथोक्त।**

**(जितेन्द्र सिंह)**
सहायक निदेशक (गुणवत्ता एवं नवाचार)
एवं राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

**प्रतिलिपि** : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, जयपुर।
2. निजी सचिव, शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–5) विभाग, जयपुर।
3. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा को समुचित पर्यवेक्षण एवं प्रभावी प्रबोधन हेतु।
4. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करवाने बाबत।
5. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक/प्रारम्भिक को पालनार्थ।
6. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पदेन ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा।
7. रक्षित पत्रावली।

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

सहायक निदेशक (गुणवत्ता एवं नवाचार)
एवं राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

Signature valid
Digitally signed by Jitendra Singh
Designation : Assistant Director
Date: 2023.08.24 0?:37:19 IST
Reason: Approved